**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 02.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **दीपोत्सव की श्रृंखला में आस्था और उल्लास के साथ आज अधिकांश स्थानों पर गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजनों की धूम।**
- **उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा–प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए नए पर्यटन स्थल तैयार करना और तकनीक को बढ़ावा देना ज़रूरी।**
- **कुंभलगढ़ में राज्य का छठा टाइगर रिज़र्व बनाया जाएगा।**
- **प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज–कुछ स्थानों पर सुबह शाम हल्की सर्दी का अहसास बढ़ा।**

000

दीपोत्सव की श्रृंखला में आज देश–प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन हो रहे है। घरों और मंदिरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर विधिवत पूजन किया गया। राजधानी जयपुर में गोविंद देवजी सहित अन्य मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव मनाया जा रहा है। इनमें गोवर्धन पर्वत और छप्पन भोग की झांकियां सजाई गई हैं। टोंक जिले के प्रसिद्ध डिग्गी कल्याण मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना कर भक्तों को अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। चूरू के सालासर बालाजी मंदिर में आज विशेष आरती की गई। बृज क्षेत्र भरतपुर में गोवर्धन पूजा को लेकर विशेष उल्लास बना हुआ है। गोवर्धन परिक्रमा के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे है। प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में आज कई जगहों पर पशुओं से जुडी विभिन्न परम्पराओं का निर्वहन किया जा रहा है। बेलों और पशुधन को आकर्षक रूप से सजाकर उनकी पूजा की जा रही है। इस अवसर पर पाली में बेलों का श्रृंगार और दौड़ प्रतियोगिताएं रखी गई। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

................

सांचौर जिले के डावल गांव में भी ऊंट और घुड़ दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें राज्य के साथ गुजरात के पशुपालक भी पहुंचे। बांसवाड़ा में गायों की दौड़ हुई। सवाईमाधोपुर, कोटा, झालावाड, सिरोही, सहित अन्य स्थानों पर महिलाओं ने गोवर्धन की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। दीपोत्सव की कड़ी में कुछ स्थानों पर आज भाईदूज का त्यौहार भी मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें अपने भाईयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। कुछ स्थानों पर भाई दूज का पर्व कल मनाया जाएगा।

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव आज भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिनालयों में विशेष पूजा अर्चना की गई। सीकर के दिगम्बर जैन मंदिर में आज निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया गया और मोक्ष कल्याणक लड्डू चढ़ाया गया। दीपावली के बाद अब छठ पर्व की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। श्रीगंगानगर में इसके लिए नहर किनारे अस्थायी घाट बनाए जा रहे हैं। पर्व को देखते हुए नहर की साफ–सफाई का काम भी किया जा रहा है। छठ पर्व 5 नवंबर से शुरू होकर 8 नवंबर तक चलेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज डीग पहुंचे। उन्होंने जिले के पुंछरी स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में गोवर्धन पूजा कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सप्तकोसी परिक्रमा करने वालों से भी मुलाकात की। वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में आज दिवाली स्नेह मिलन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन और सभी नागरिकों को राजस्थान को देश का अव्वल राज्य बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। उन्होंने पर्यटन विकास पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए नए पर्यटन स्थल तैयार करने के साथ ही इस क्षेत्र में तकनीक को बढावा देना जरूरी है।

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने त्यौहारी सीजन में यात्रियों के लिए की गई विशेष सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कल शाम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। रेलमंत्री ने स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत भी की। इस बीच, दीपावली के बाद छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर रेलवे की ओर से दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से 3 हजार 200 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।
वहीं श्रीगंगानगर और जयपुर के बीच यात्री भार को देखते हुए आज एक अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ी चलाई गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि कल 26 अतिरिक्त त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ियां संचालित होंगी।

000

दिवाली स्नेह मिलन और शुभकमानाओं के आदान प्रदान के सिलसिले के साथ ही उपचुनाव वाले क्षेत्रों में प्रत्याशियों का जनसम्पर्क भी जारी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार घर–घर जाकर मतदाताओं की मान मनौवल कर रहे हैं। सात निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में देवली–उनियारा भी महत्वपूर्ण सीट है। इस पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। हमारे टोंक संवाददाता ने बताया कि दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वि पार्टियां भाजपा और कांग्रेस के साथ ही अन्य उम्मीदवार मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं।

000

कुंभलगढ़ में प्रदेश का छठा टाइगर रिजर्व बनाया जाएगा। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने इसकी मंजूरी दे दी है। शुरूआती चरण में इस क्षेत्र में चार बाघ लाए जाएंगे। इस रिजर्व का क्षेत्र एक हजार 397 वर्ग किलोमीटर होगा। हमारे राजसमंद संवाददाता ने बताया कि इस टाइगर रिजर्व की सीमा उदयपुर, राजसमंद, ब्यावर, पाली और सिरोही जिलों तक प्रस्तावित है।

000

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर महोत्सव के तहत आज पशु मेले की शुरूआत हुई। ऊंट, घोड़ों और अन्य मवेशियों के साथ पशुपालकों का मेला मैदान पर पहुंचने का सिलसिला जारी है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया कि पशु और पशुपालकों को प्रशासन की ओर से कई तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। मेला मैदान पर चार नवम्बर को पशु चौकियां स्थापना की जाएंगी। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने आज मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। नौ नवम्बर को झंडारोहण के साथ धार्मिक मेले की औपचारिक शुरुआत होगी।

000

चित्तौड़गढ़–भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग दम्पत्ति की मृत्यु हो गई। हादसा मेड़ीखेड़ा फाटक पुलिया पर तेज रफ्तार से आ रही कार की टक्कर से हुआ। दोपहिया वाहन पर सवार पति पत्नी पुलिया से नीचे गिर गए और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिए। वहीं भीलवाड़ा जिले के आसींद क्षेत्र के नारायणपुरा गांव में एक फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में कारखाने की छत भी गिर गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

उधर, बाड़मेर के सनावड़ा गांव के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की एक कार से टक्कर के कारण मृत्यु हो गई। वहीं बीकानेर के लूणकरणसर क्षेत्र में मोटरसाइकिल और पिकअप की आमने–सामने की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गई। नागौर के डीडवाना में एक कार के पलटने से पांच लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को बांगड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

000

प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि कुछ स्थानों पर तेज़ धूप का असर है, तो कहीं–कहीं सुबह शाम हल्की सर्दी का अहसास बढ़ गया है। आज सीकर और हनुमानगढ़ के संगरिया में न्यूनतम तापमान 15 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रहा। भीलवाडा, धौलपुर, बारां, करौली और श्रीगंगानगर में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज हुआ। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 37 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं कल के मुकाबले यहां अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में सात नवम्बर तक मौसम शुष्क रहने के आसार हैं और तापमान में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है।

000

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर के महेन्द्र राठौड़ को अंतिम विदाई दी। श्री राठौड़ की पिछले दिनों कांगो में मृत्यु हो गई थी। श्री शेखावत के त्वरित प्रयासों से उनकी पार्थिव देह को भारत लाया जा सका। गौरतलब है कि श्री महेंद्र के परिजनों ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत से मदद की गुहार लगाई थी। श्री शेखावत ने आज महेन्द्र के पैतृक निवास जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और परिजन को संबल दिया।

000

भारत की कृषा वर्मा ने अमेरिका के कोलोराडो में अंडर–19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। हालांकि, स्वर्ण पदक की दौड़ में शामिल पांच अन्य भारतीय मुक्केबाज अपने–अपने फाइनल मुकाबलों में हारकर स्वर्ण पदक से चूक गए। कृषा ने जर्मनी की लेरिका को पांच शून्य से मात दी। वहीं 48 किलोग्राम महिला वर्ग के फाइनल में चंचल चौधरी इंग्लैंड की रूबी व्हाइट से हार गईं। इस वर्ग में भारतीय मुक्केबाज को अयोग्य घोषित कर दिया गया जिसके कारण उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। आज रात निशा, सुप्रिया देवी थोकचोम और पार्थवी ग्रेवाल सहित पांच और महिला मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। फाइनल में स्वर्ण पदक के लिए पुरुष वर्ग में हेमंत सांगवान का मुकाबला अमेरिकी मुक्केबाज रिशोन सिम्स से होगा।

000